# अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये आसान FDI नीति

## प्रिलिम्स के लिये:

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023, आदित्य L1, चंद्रयान-3, मार्स ऑर्बिटर मिशन, भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र, **FDI से संबंधित हालिया रुझान**

## मेन्स के लिये:

अंतरिक्ष क्षेत्र, भारत में FDI निषिद्ध क्षेत्रों से संबंधित FDI- नीति में प्रमुख संशोधन

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने **अंतरिक्ष उद्योग से संबंधित** प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) **नीति** में **संशोधन को मंज़ूरी** दी।

- यह विकास भारतीय अंतरिक्ष नीति-2023 के अनुरूप है, जो संवर्द्धित निजी भागीदारी के माध्यम से अंतरिक्ष क्षेत्र में देश के सामर्थ्य का विस्तार करने का प्रयास करती है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र के लिये FDI नीति में हालिया संशोधन क्या हैं?

- **100% FDI की अनुमति:** संशोधित नीति के तहत, अंतरिक्ष क्षेत्र में 100% FDI की अनुमति है, जिसका उद्देश्य संभावित निवेशकों को भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों में आकर्षित करना है।
- **उदारीकृत प्रवेश मार्ग:** विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये प्रवेश मार्ग इस प्रकार हैं:
  - **स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 74% तक:** उपग्रह-विनिर्माण और प्रचालन, सैटेलाइट डेटा उत्पाद तथा ग्राउंड सेगमेंट तथा यूज़र सेगमेंट।
    - 74% के बाद ये गतिविधियाँ सरकारी मार्ग के अंतर्गत आती हैं।
  - **स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 49% तक:** प्रक्षेपण यान और संबंधित प्रणालियाँ या उपप्रणालियाँ, अंतरिक्ष यान को प्रक्षेपित करने तथा रिसीव करने के लिये स्पेसपोर्ट का निर्माण।
    - 49% के बाद ये गतिविधियाँ सरकारी मार्ग के अंतर्गत आती हैं।
  - **स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 100% तक:** उपग्रहों, ग्राउंड सेगमेंट और यूज़र सेगमेंट के लिये घटकों (पार्ट-पुर्ज़ों) तथा प्रणालियों/उप-प्रणालियों का विनिर्माण।

## भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रमुख विकास क्या हैं?

- **परिचय:**
  - **वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2-3% (यूएस: 40%, यूके: 7%)** है और साथ ही यह भी आशा है कि **वर्ष 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 10% से अधिक** हो जाएगी।
    - इसरो, विश्व की छह सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है।
- **हाल के प्रमुख सफल मिशन:**
  - आदित्य एल1
  - चंद्रयान 3
  - मंगल ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान)
- **प्रक्षेपण यानों में प्रगति:**
  - जीएसएलवी मार्क III
  - लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (SSLV)
  - पीएसएलवी

- **अंतर्राष्ट्रीय ग्राहकों के लिये मिशन**
  - **TeLEOS-2 (2023)**: सिंगापुर का पृथ्वी अवलोकन उपग्रह
  - **PSLV-C51 (2021)**: ब्राज़ील के अमेजोनिया-1 उपग्रह तथा 18 छोटे उपग्रहों को लॉन्च किया।
- **अन्य प्रमुख विकास:**
  - **नाविक**
  - **भुवन**
  - बढ़ती अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या (वर्ष 2023 में 189)

## भारतीय अंतरिक्ष नीति, 2023 की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?

- **इसरो की भूमिका में परिवर्तन: इसरो परिचालन अंतरिक्ष प्रणालियों के निर्माण से बाहर निकलकर उन्नत प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान और विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा।**
- **निजी सहभागिता प्रोत्साहन:**
  - गैर-सरकारी संस्थाओं (NGE) को स्व-स्वामित्व वाली, खरीदी गई अथवा पट्टे पर ली गई उपग्रह प्रणालियों के माध्यम से राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष आधारित संचार सेवाएँ प्रदान करने की अनुमति है।
  - NGE को लॉन्च वाहनों, शटल सहित अंतरिक्ष परिवहन प्रणालियों का निर्माण एवं संचालन करने के साथ-साथ अंतरिक्ष परिवहन के लिये पुनर्प्रयोज्य, पुनर्प्राप्ति योग्य तथा पुनर्विन्यास करने योग्य प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों को विकसित करने के लिये प्रोत्साहित किया गया।
  - NGE को क्षुद्रग्रह संसाधनों अथवा अंतरिक्ष संसाधनों की व्यावसायिक पुनर्प्राप्ति में संलग्न होने की अनुमति दी गई।
    - लागू कानूनों के अनुसार प्राप्त संसाधनों के साथ-साथ स्वामित्व रखने, परिवहन एवं उपयोग करने तथा विक्रय करने का हकदार है।
- **उद्योग सहयोग तथा व्यावसायीकरण:** भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र **को स्वायत्त रूप से अंतरिक्ष गतिविधियों को बढ़ावा देने, मार्गदर्शन करने तथा अधिकृत करने का अधिकार प्राप्त है।**
  - **न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड** विभिन्न कार्य करता है जिनमें **अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और प्लेटफॉर्मों का व्यावसायीकरण**, अंतरिक्ष घटकों का निर्माण करना, उनकी लीज़िंग अथवा खरीद करना तथा अंतरिक्ष-आधारित सेवाओं का विपणन शामिल है।

//




## प्रत्यक्ष विदेशी निवेश क्या है?

- **परिचय: प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign Direct Investment- FDI)** का आशय किसी विदेशी इकाई द्वारा दूसरे देश में किसी व्यवसाय अथवा निगम में किये गए निवेश से है।
  - FDI इक्विटी (सामान्य शेयर) उपकरणों के रूप में हो सकता है अथवा यह किसी व्यवसाय में स्वामित्व हिस्सेदारी के नियंत्रण के रूप में हो सकता है।
- **भारत में FDI:**
  - गैर भारतीय निवासी द्वारा भारत में किये गए निवेश को FDI कहा जाता है। यह निम्नलिखित रूप में हो सकता है:
    - एक असूचीबद्ध भारतीय कंपनी में निवेश।
    - किसी सूचीबद्ध भारतीय कंपनी की पोस्ट-इश्यू पेड-अप इक्विटी पूंजी के 10% अथवा उससे अधिक में निवेश।
  - वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में कुल FDI अंतर्वाह **70.97 बिलियन अमेरिकी डॉलर** रहा।
  - [भारतीय रिज़र्व बैंक]() के अनुसार वर्ष 2022-23 में भारत की FDI में सबसे अधिक योगदान **संयुक्त राज्य अमेरिका** का था।
    - संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद सबसे अधिक निवेश मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम और सिंगापुर का था।
  - इसके अतिरिक्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत में FDI का बाज़ार मूल्य **रुपए के संदर्भ में 6.9%** बढ़ गया जिसका मुख्य कारण गैर-सूचीबद्ध कंपनियों में FDI में हुई वृद्धि थी।
- **भारत में FDI हेतु मार्ग:**
  - **स्वचालित मार्ग/व्यवस्था:** स्वचालित मार्ग के तहत अनिवासी निवेशक अथवा भारतीय कंपनी में निवेश के लिये भारत सरकार से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती है।
  - **सरकारी मार्ग:** इसके अंतर्गत निवेश से पहले भारत सरकार से मंज़ूरी प्राप्त करना आवश्यक होता है।
    - **इस मार्ग के तहत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रस्तावों पर संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग द्वारा विचार किया जाता है।**
- **भारत में FDI निषिद्ध क्षेत्र:**
  - **द्यूत और सट्टेबाज़ी**
  - **चिट फंड**

- निधि कंपनी
- अंतरणीय विकास अधिकार (TDR) में व्यापार
- रियल एस्टेट बिज़नेस
- तंबाकू उत्पादों का विनिर्माण
- **निजी क्षेत्र के निवेश के लिये खुले नहीं क्षेत्र:** इसमें परमाणु ऊर्जा और रेलवे परिचालन (समेकित FDI नीति के तहत अनुमत गतिविधियों को छोड़कर) शामिल हैं।
- **लॉटरी व्यवसाय:** इसमें सरकारी या निजी लॉटरी और ऑनलाइन लॉटरी शामिल हैं।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

### ???????????:

**प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2021)**

1. विदेशी मुद्रा संपरिवर्तनीय बॉण्ड
2. कुछ शर्तों के साथ विदेशी संस्थागत निवेश
3. वैश्विक निक्षेपागार (डिपॉजिटरी) प्राप्तियाँ
4. अनिवासी विदेशी जमा

**उपर्युक्त में से किसे/किन्हें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश में सम्मिलित किया जा सकता है/किये जा सकते हैं?**

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 3
(c) 2 और 4
(d) 1 और 4

**उत्तर: (a)**

---

### ??????:

**प्रश्न. भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की क्या योजना है और इससे हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को क्या लाभ होगा? (2019)**

**प्रश्न. अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर चर्चा कीजिये। इस तकनीक के अनुप्रयोग ने भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में किस प्रकार सहायता की? (2016)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/eased-fdi-policy-for-space-sector